भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1565** जिसका उत्तर
शुक्रवार, **10 फरवरी,** 2023/21 माघ, 1944 (शक) को दिया जाना है

कराईकल पत्तन से कोयले का आयात

†1565. श्री एम. सेल्वराज :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान कराईकल पत्तन के माध्यम से कितनी मात्रा में कोयले का आयात किया गया है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान रेल और सड़क मार्ग से कोयले के वितरण का ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान इस पत्तन द्वारा अर्जित राजस्व का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) : पिछले तीन वर्षों के दौरान कराईकल पत्तन द्वारा आयातित कोयले की मात्रा निम्नानुसार है:-

वर्ष	मात्रा (टन में)
2019-20	78,62,308
2020-21	56,20,284
2021-22	40,13,584

(ख) : पिछले तीन वर्षों के दौरान रेल और सड़क मार्ग द्वारा कोयले का वितरण निम्नानुसार है:-

वर्ष	सड़क द्वारा (टन में)	रेल द्वारा (टन में)
2019-20	15,60,161	63,35,596
2020-21	15,48,906	41,61,685
2021-22	9,43,589	32,24,769

(ग) : पिछले तीन वर्षों के दौरान कराईकल पत्तन द्वारा अर्जित राजस्व का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

वर्ष	राशि (भारतीय रुपए में)
2019-20	431,76,00,497
2020-21	328,96,30,581
2021-22	258,17,78,692

*****